nt>

Title: Need to sanction special package for the State of Orissa for providing relief to the people affected by drought particularly in ST dominated areas-Laid.

श्रीमती हेमा गमांग (कोरापुट): कम वर्ा होने के कारण उड़ीसा राज्य में इस बार रबी और खरीफ की फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। उड़ीसा के रायगढ़ा, कोरापुट, बलांगीर, मलकानगिरि, अनुगुल, कालाहांडी, ढेंकानाल और बरगड़ जिलों के राजस्व, सिंचाई और कृिा विभागों में आपसी समन्वय न होने के कारण बहुत कम उत्पादन हुआ है।

रायगढ़ा और कोरापुट जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है, यहां सिर्फ 3 प्रतिशत सिंचाई की सुविधा प्राप्त है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि रबी फसल के लिए किसानों को बीजों और खाद पर सबसिडी दी जाये और सारे कृिा ऋण माफ कर कर्जे को ब्याज मुक्त किया जाये। जिन किसानों ट्रैक्टरों के लिए कर्जा लिया है उसकी वसूली रोकी जाये तथा उस कर्जे को भी ब्याज मुक्त किया जाये ताकि प्रभावित किसानों को इस भयावह स्थिति में राहत मिल सके। उक्त सभी जिले आदिवासी जनजातीय बहुल हैं। इस संकट की घड़ी में एक विशो पैकेज की घोाण की जाये और इन जिलों में भयंकर स्थिति से निपटने हेतु ज्यादा से ज्यादा धनराशि का प्रावधान किया जाये।